तापमान

भोपाल	41.2°	21.6°
इंदौर	41.0°	24.0°
जबलपुर	42.0°	20.4°
ग्वालियर	41.5°	20.6°

दैनिक
नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 145, पृष्ठ 12)
गुरुवार 24 अप्रैल 2025
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये

राजधानी... सैनिकों के कल्याण प्रयासों में सहयोग ...

खेल... अस्मिता लीग में उभरीं भारत की हॉकी स्टार्स ...

व्यापार... भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में वृद्धि की सबसे ...

देश-विदेश... चीन ने अमेरिका को दिया बड़ा झटका ...

www.naiduniaonline.com

पहलगाम हमले के बाद भारत का बड़ा एक्शन- पाकिस्तानियों को 48 घंटे में भारत छोड़ने का आदेश ....

सिंधु समझौता स्थगित, अटारी बॉर्डर व पाक में भारतीय दूतावास बंद

नई दिल्ली (एजेंसी)।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में सीसीए की बैठक के बाद विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने सिंधु समझौता स्थगित कर दिया। अटारी बॉर्डर बंद कर दिया। पहलगाम आतंकी हमले के दूसरे दिन गृह मंत्री अमित शाह उस स्पॉट पर पहुंचे, जहां आतंकियों ने इस जघन्य वारदात को अंजाम किया था। अमित शाह हेलीकॉप्टर से पहलगाम के बैसरन इलाके में पहुंचे। रक्षा मंत्री ने भी उच्च अधकिरियों के साथ बैठक की है।

सरकार ने इस मामले में गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। पीएम मोदी सऊदी दौरे को बीच में छोड़कर देश वापस लौट आ चुके हैं। पीएम मोदी जैसे ही एयरपोर्ट पर उतरे, उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर तुरंत एयरपोर्ट पर बड़ी बैठक की। इस बैठक में पीएम मोदी के साथ अजित डोभाल और एस जयशंकर भी मौजूद रहे। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम हिल स्टेशन पर आतंकवादियों ने एक पर्यटक ग्रुप पर हमला कर दिया। इस हमले में 26 लोगों की मौत की खबर है। सेंट्रल एजेंसी के सूत्रों ने ये जानकारी दी है। वहीं कई लोग घायल हो गए। घायलों में पर्यटक और

सरकार ने बुलाई आज सर्वदलीय बैठक

स्थानीय लोग शामिल हैं। यह हमला पहलगाम के बैसरन इलाके में हुआ है, जहां आतंकवादियों ने पर्यटकों के एक समूह को निशाना बनाया। इस हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बात की और हालात की जानकारी ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के जघन्य आतंकवादी हमले के कारण उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों पर विचार करने के लिए आज देर शाम यहां मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। श्री मोदी पहलगाम हमले के कारण सऊदी अरब की अपनी यात्रा को बीच में समाप्त करके आज प्रातः राजधानी लौट आये थे और उन्होंने हवाई अड्डे पर ही राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ एक बैठक में स्थिति की जानकारी ली थी। सीसीएस की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भाग लिया।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी पहलगाम आतंकी के विरोध में पाकिस्तान पर एक्शन को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की है और इस बारे में जानकारी दी है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच के सिंधु नदी जल समझौते को रोक दिया गया है। अटारी बोर्डर को भी बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। पाकिस्तान नागरिकों का वीजा बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही पाकिस्तान में भारत का दूतावास बंद कर दिया गया है और पाकिस्तानी डिप्लोमेट्स को भारत छोड़ने को कहा गया है। 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से रोका जाएगा जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय रूप से सीमा पार आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को छोड़ता नहीं है। अटारी इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट को तत्काल प्रभाव से बंद किया जा रहा है। जो लोग वैलिड इंडौर्समेंट के साथ सीमा पार कर चुके हैं, वे 1 मई 2025 से पहले उस रास्ते से वापस आ सकते हैं। नई दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग में रक्षा, सैन्य, नौसेना और वायु सलाहकारों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जा रहा है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक सप्ताह का समय है। भारत अपने रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को इस्लामाबाद में स्थित भारतीय उच्चायोग से वापस बुलाएगा। संबंधित उच्चायोगों में ये पद निरस्त माने जाते हैं।

वेंस ने मोदी को अमेरिका की ओर से सभी प्रकार के सहयोग की पेशकश की

भारत की यात्रा पर आये अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बात की और पहलगाम में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की भर्त्सना की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अमेरिका की ओर से सभी प्रकार के सहयोग की पेशकश की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां एक्स पर आधिकारिक हेंडल पर अपने संदेश में लिखा कि उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की और जम्मू कश्मीर में हुए नृशंस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने जानमाल के नुकसान पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और दोहराया कि अमेरिका इस कठिन घड़ी में भारत के लोगों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ संयुक्त लड़ाई में सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है।

1450 लोग हिरासत में

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बड़ा एक्शन हुआ है। पहलगाम हमले के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे दक्षिण कश्मीर में 250 से ज़्यादा ओवर ग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लिया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर शुरू की गई गहन जांच और पूछताछ अभियान के तहत इन लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा कश्मीर में करीब 1200 लोगों को हिरासत में लिया गया है जो आतंकवाद से संबंधित मामलों में आरोपी हैं। कुल मिलाकर 1450 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। आज पुलिस सुंबल ने 13 आरआर और सीआरपीएफ की तीसरी बटालियन के साथ मिलकर कनिपोरा नैदखाई ऑर्चर्ड्स में रईस अहमद डार और मोहम्मद शफी डार नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 1 एके 56, एके 56 राइफल के 30 राउंड, एक मैगजीन और 1 चीनी ग्रेनेड बरामद किया गया है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य उस नेटवर्क की पहचान करना है जिसने हमले को संभव बनाया हो। माना जाता है कि ओवर ग्राउंड वर्कर्स ने हमलावरों को रसद या खुफिया सहायता प्रदान की थी, हालांकि अभी तक उनकी विशिष्ट भूमिका का पता नहीं चल पाया है।

मृतकों के परिजनों को 10 लाख मुआवजे का किया ऐलान

जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अनंतनाग जिले में सुप्रसिद्ध पहलगाम रिसॉर्ट के पास एक मैदान में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जो हाल के वर्षों में इस तरह का सबसे जघन्य हमला है। कश्मीर में शोक की लहर है, श्रीनगर के कई अखबारों ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए पहले पन्ने पर संपादकीय प्रकाशित किए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में पीड़ितों के परिवारों को 10 लाख रुपये और घायलों के लिए दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। श्री अब्दुल्ला ने पोस्ट में कहा कि कोई भी धनराशि प्रियजनों के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती, लेकिन समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में, जम्मू-कश्मीर सरकार मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों के लिए दो-दो लाख रुपये और मामूली रूप से घायलों के लिए एक-एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा करती है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को उनके घर वापस पहुंचाने के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संवेदनाएं शोकाकुल परिवारों के साथ हैं। हम आपके दुख में शामिल हैं

आतंक के आगे नहीं झुकेगा भारतः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों और पूरे देश को बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को 'बख्शा' नहीं जाएगा।देश को झकझोर देने वाले आतंकवादी हमले के एक दिन बाद,श्री शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया, जहां 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मौके पर चल रहे ऑपरेशन की परिस्थितियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी। श्री शाह ने शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात की, जिनमें से कई दर्दनाक अनुभव साझा करते हुए रो पड़े। श्री शाह ने एक्स पर लिखा कि पहलगाम में

हुए आतंकवादी हमले में अपने प्रियजनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं इन सभी परिवारों और पूरे देश को भरोसा दिलाता हूं कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले इन आतंकवादियों को बिल्कुल भी (शेष पेज 2 पर)

भारत को डराया नहीं जा सकता : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। वहीं, एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान भी दिया। उन्होंने सबसे पहले इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भारत को डराया नहीं जा सकता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई। हम बहुत दुखी हैं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि मैं आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को दोहराना चाहता हूं। आतंकवाद के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है, मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार (शेष पेज 2 पर)

मोदी का कानपुर दौरा निरस्त

कानपुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को यूपी के कानपुर में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने का दौरा रद्द कर दिया गया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में कई लोगों की जान चली गई थी। इस हमले के बाद श्रद्धांजलि स्वरूप कानपुर में किसी भी तरह के जश्न या औपचारिक सार्वजनिक कार्यक्रम को स्थगित करना उचित समझा गया। उसी दिन प्रधानमंत्री मोदी बिहार के मधुबनी में पंचायती राज दिवस के अवसर पर एक पूर्व-निर्धारित आधिकारिक कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से देश भर के लोग भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 24 अप्रैल को कानपुर दौरा (20,000 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के लिए रद्द कर दिया गया है, वह कल नहीं आएंगे। मोदी गुरुवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाने के लिए बिहार के मधुबनी में अपने पूर्व-निर्धारित आधिकारिक कार्यक्रम को जारी रखेंगे।

तीन अर्बन नक्सलियों को सात-सात साल की सजा

जगदलपुर (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट ने नक्सलियों से जुड़ हुए तीन 'अर्बन' सहयोगियों को एनआईए कोर्ट ने सात- सात साल की सजा सुनाई है। इन तीनों पर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत अपराध साबित पाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मार्च 2023 को कोटा के बेलपुच्चा गाँव में तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इन पर आरोप था कि ये नक्सलियों को विस्फोटक पहुंचाते हैं। पुलिस ने इन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया था।

देश में मुस्लिमों के प्रति बढ़ रहा भेदभावः वाड्रा

नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों की मौत पर कारोबारी रॉबर्ट

वाड्रा ने गहरा दुख जताया है। वाड्रा ने कहा कि पहचान देखकर किसी की हत्या कर देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए संदेश है, क्योंकि मुसलमान खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। अल्पसंख्यक खुद को कमजोर महसूस कर रहे हैं। वाड्रा ने बुधवार (23 अप्रैल) को मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे बहुत बुरा लग रहा है और मेरी गहरी संवेदना उन लोगों के प्रति है जो इस आतंकवादी कृत्य में मारे गए हैं, हमारे देश में, हम देखते हैं कि यह सरकार हिंदुत्व की बात करती है, और अल्पसंख्यक असहज और परेशान महसूस करते हैं।रॉबर्ट (शेष पेज 2 पर)

बीपीएससी की 25 अप्रैल को होने वाली

मुख्य परीक्षा पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 25 अप्रैल को होने वाली 70वीं संयुक्त प्रतियोगी मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने से बुधवार को साफ तौर पर इंकार कर दिया।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने इस संबंध में पटना उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने पिछले साल 13 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई 70वीं संयुक्त प्रतियोगी प्रारंभिक परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर कदाचार का आरोप लगाते हुए 25 अप्रैल 2025 को होने वाली इसकी मुख्य परीक्षा रद्द करने की मांग वाली याचिकाएं खारिज कर दीं। पीठ ने सभी अभ्यार्थियों के लिए फिर से परीक्षा आयोजित करवाने को उचित ठहराने के लिए निर्णायक सबूतों की कमी का हवाला देते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने सभी संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया । पटना उच्च न्यायालय ने परीक्षा रद्द करने से इनकार करने वाले अपने फैसले में कहा था कि कई परीक्षा केंद्रों में अनियमितताओं के कोई निर्णायक सबूत (शेष पेज 2 पर)

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल 3 आतंकियों के स्केच और तस्वीरें जारी

श्रीनगर (एजेंसी)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर सुरक्षा बलों ने बुधवार को कुछ संदिग्ध आतंकियों की तस्वीरें और स्केच जारी किए हैं। इस हमले में मंगलवार को 26 नागरिकों की जान चली गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। सुरक्षा बलों के अनुसार, इस हमले में तीन आतंकवादियों की पहचान आसिफ फूजी, सुलेमान शाह और अबू तल्हा के तौर पर की गई है। ये आतंकी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) नाम के आतंकी संगठन से जुड़े हैं, जो कि प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा की एक शाखा है। इन लोगों ने पहलगाम से 6 किलोमीटर दूर बसे बैसरन में घूमने आए पर्यटकों पर अचानक गोलियां चला दीं। सुरक्षा बलों ने बताया कि पांच से छह आतंकी सेना जैसे कपड़े और कुर्ता-पायजामा पहनकर आस-पास के घने जंगल से आए थे और उनके पास एके-47 जैसे खतरनाक हथियार थे। खुफिया जानकारी के मुताबिक, इस हमले में पाकिस्तान से आए आतंकवादी भी शामिल थे जो कुछ ही दिन पहले घाटी में घुसे थे। सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा के बड़े आतंकी सैफुल्लाह कसूरी उर्फ़ खालिद को इस हमले का मुख्य साजिशकर्ता बताया है।हमले के बाद सुरक्षाबलों ने बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है और जंगलों में छिपे आतंकियों को ढूंढने के लिए हेलीकॉप्टर भी लगाए गए हैं। जांच में यह भी पता चला है कि आतंकियों ने बहुत उन्नत हथियार और संचार उपकरण इस्तेमाल किए।

स्पेशल खबर *हिंदुस्तान जिंदाबाद, 35 सालों में ....*

पहली बार आतंकवाद के खिलाफ उतरा कश्मीर

पहलगाम (एजेंसी)।

35 वर्षों में पहली बार आज कश्मीर पूरी तरह से बंद है। एक दिन पहले घाटी में हुए सबसे निर्मम आतंकवादी हमले में 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या होने के बाद उबल रहा है। मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकरों से लोगों से बंद में शामिल होने की अपील हो रही है और लोग खुद हमले के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसी आतंकी हमले पर 35 सालों में पहली बार कश्मीर उठ खड़ा हुआ है।

एकजुट होकर विरोध कर रहा है। पहलगाम में, बाजार पूरी तरह से बंद हैं। आतंकी हमले में मारे गए 26 निर्दोष लोगों में सैयद आदिल हुसैन शाह भी शामिल है, जो पर्यटकों को घुड़सवारी कराता था और जब उसने हत्यारों का सामना करने की कोशिश की तो उसे गोली मार दी गई। दुकानदारों और होटल व्यवसायियों ने आज पहलगाम में विरोध मार्च निकाला और हिंदुस्तान जिंदाबाद और मैं भारतीय हूं के नारे लगाए। उन्होंने कहा कि वे अभी भी वहां फंसे पर्यटकों को हर तरह की सहायता प्रदान करेंगे, जिसमें 15 दिनों के लिए फ्री में रहने की व्यवस्था भी शामिल है। होटल व्यवसायी आसिफ बुर्जा ने इस आतंकी हमले को मानवता के विरुद्ध अपराध बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्यटन के बारे में नहीं है, यह अर्थव्यवस्था के बारे में नहीं है, हमारा सिर शर्म से झुक गया है। उन्होंने कहा कि उनका क्या दोष था? वे यहां घूमने आए थे। हम केवल उन परिवारों के बारे में सोच रहे हैं। एक अन्य होटल व्यवसायी ने कहा कि वे पर्यटकों और उनके परिवारों के साथ हैं। एक अन्य विरोध प्रदर्शन में लोगों ने बताया कि वे आतंकी हमले के खिलाफ सेना की जवाबी कार्रवाई में पूरी (शेष पेज 2 पर)